# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

**PRE MID TERM EXAM 2024-25**

**HINDI**

Class- VII | Max. Marks: 25
Date: 02.08.2024 | Time: 1.00 Hour
Admission No: | Roll No:

---

**खण्ड– क. पठन कौशल**

**प्रश्न.1. निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए।** **5**

संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुधि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं। इसके कारण मानव-मानव में घृणा, ईश्र्या वैमनस्य कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।

**(क)** मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है
(i) संतों के अनुभव से | (ii) वर्ण भेद से
(iii) घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य, कटुता से | (iv) अपनी शुभ बुधि से

**(ख)** विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है**।**
(i) देशों में भिन्नता बढ़ी है। | (ii) देशों में वैमनस्यता बढ़ी है।
(iii) देशों की दूरियाँ कम हुई है। | (iv) देशों में विदेशी व्यापार बढ़ा है।

**(ग)** देश में आज भी कौन-सी समस्या है
(i) नफ़रत की | (ii) वर्ण-भेद की
(iii) सांप्रदायिकता की | (iv) अमीरी-गरीबी की

**(घ)** किस कारण से देश में मानव के बीच, घृणा, ईश्र्या, वैमनस्यता एवं कटुता में कमी नहीं आई है**?**
(i) नफ़रत से | (ii) सांप्रदायिकता से
(iii) अमीरी गरीबी के कारण | (iv) वर्ण-भेद के कारण

**(ङ)** मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है
(i) शिक्षा का व्यापक प्रसार | (ii) धर्म का व्यापक प्रसार
(ii) प्रेम और सद्भावना का व्यापक प्रसार | (iv) उपर्युक्त सभी

**खंड़ (ख) व्याकरण कौशल**

**प्रश्न.2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार छाँटकर लिखिए।** **5**

क. सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ? ( 4 / 5 / 6 )
ख. वाक्य के पूर्ण होने पर कौन सा विराम चिन्ह लगाते है ? ( ? / । / , )
ग. प्रश्न पूछने के लिए कौन सा विराम चिन्ह लगाते है ? ( – / ? / ! )
घ. थोड़ा रूकने के लिए कौन सा विराम चिन्ह लगाते है ? ( ? / – / , )
ड. 'शिष्य' शब्द का लिंग क्या है ? ( नपुंसकलिंग / पुल्लिंग / स्त्रीलिंग )

**खंड़ (ग) साहित्य कौशल**

**प्र.3. निम्नलिखित प्रश्नों के अतिलघु उत्तर लिखिए।** **5**

क. कोहली का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

ख. सर्वनाम किसे कहते है ?

ग. कोहली को वर्ष 2013 में किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

घ. हरिराम कौन था ? वह कहाँ रहता था ?

ड. 'विराट' शब्द का वर्ण–विच्छेद कीजिए।

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए। ( कोई तीन )** **6**

क. विराट कोहली को प्यार से सब किस नाम से बुलाते हैं ? उनका यह नाम कैसे पड़ा ?

ख. कोहली कब और कैसे सुर्खियों में आए ?

ग. साधु को स्त्री पर क्रोध क्यों आया ?

घ. स्त्री को भस्म न कर पाने पर साधु क्या सोचने लगा ?

## <u>(खंड़ घ) लेखन कौशल</u>

**प्र.5. नीचे लिखे विषय में किसी एक पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **4**

क. समय का महत्व
ख. खेल का महत्व

**अथवा**

**प्र. अपने मित्र को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए।**

***********